equal to the realisation we get from Self-inquiry. When the mind rests continuously upon the Consciousness, higher goals become visible, and our actions and results turn out to be good.

In the present times, this quality of self enquiry i.e. Vichar has got eclipsed with the excessive use of social media platforms. Even bhagti means plugging to some social media platforms to listen to bhajans or sermons of some Baba. No doubt, these give momentary happiness but not the permanent bliss. For he permanent bliss, Vichar and dhyan are inevitable.

Most of us, receive messages on ethics, moral values and good conduct almost everyday, on Social media platforms like Whats-app. The more we are connected the more the messages we get. Looking at the frequency and the quantum of such messages, there is a reason to believe that these have their impact on the readers and they should turn into better humans but somehow it is not happening as my self analysis and inquiry revealed to me.

Does it mean that these messages are not serving any purpose? I won't say that these are not doing any good but we need to understand that these are only the seeds which we need to grow to get the desired which involves Vichar and action because when these seeds sprout, grow, become a tree or a shrub only then these bear fruit which we want to have. These call for lot of self enquiry, vichar, labour, dedication, spirit of service and love to have fruit at the right time. Most importantly one ought to have a lot of patience, forbearance and capacity to face pains and absorb unanticipated problems.

All noble souls who reached God did contemplation, meditation, self analysis, self inquiry and, underwent self cleansing and self mortification by putting many restraints on them and led a life of austerities and self discipline which not every body can do. Sage Patanjali's stress on following Yama, Niyama, Asana, Pranayama, Pratyahara, Dharana, Dhyana which only can lead to Samadhi corrobotaes this. Always remember---No pain, no gain."

Bhartendu Sood

*When we strive to become better than we are, everything around us becomes better too.
*One day, you will wake up and there won't be any more time to do the things you've always wanted to do. Do it now.
*If you want to be successful, you must respect one rule: never lie to yourself
*The secret of life is to fall seven times and get up eight times
*There is no fear except the fear of failure
*Always have a dream and work to relize it

सत्संग

तुलसीदास जी कहते हैं सत्संग के बिना विवके नहीं होता और प्रभुकृपा के बिना सत्संग की प्राप्ती नहीं होती। सत्संग कल्याण का मूल है।

सत्संग के प्रभाव से दुष्ट व्यक्ति भी सुधर जाते है जैसे परसमणि के स्पर्शमात्र से लोहा भी सोना हो जाता है। सत्संग के प्रभाव से कौआ हंस व हंस परम हंस बन जाता है। यदि दुर्भागयवश सज्जन कुसंग में पड़ जसए तो वह बहां भी सांप की मणि के सामान अपने गुणों का ही प्रकाश करते है।

सत्संग चार प्रकार से होता है। पहला सत्संग प्रभु से है जो की सर्वश्रेष्ठ है। दूसरे प्रकार का सत्संग संत महात्माओं की संगती से होता है। जीसरा सत्संग प्रभु भक्तों की संगती से होता है व चौथा सत्संग स्वाध्याय द्वारा होता है।

कन्या की आवश्यकता

32 वर्षीय तलाकशुदा No issue or liability matter settled हिन्दु, सुंदरव्यक्तित्व, शाकाहारी, कोई व्यसन नहीं graduate मासिक आये 30000 युवक के लिए कन्या कि आवश्यकता है। जाती बंधन नहीं। संपन व धर्मिक परिवार है। सम्पर्क करें।

9357831457, 9805232572

शिमला का SHARDA

कामधेनु जल

गैस ऐसिडिटी व पेट के विकारों के लिए एक असरदार व अदभुत आयुर्वैदिक औषधि

एक बोतल कई महीनों चले। फोन : 9465680686 9217970381

Marketing Off [illegible] Sector 45-A, Chandigarh [illegible]

पत्रिका के लिये शुल्क

सालाना शुल्क 150 रूपये है, शुल्क कैसे दें

1. आप 9217970381 या 0172–2662870 पर subscribe करने की सूचना दे दें। PIN CODE अवश्य दे
2. **आप चैक या कैश निम्न बैंक मे जमा करवा सकते हैं :–**
   Vedic thoughts, Central bank of India A/C No. 3112975979 **IFC Code - CBIN0280414**
   Bhartendu soood, IDBI Bank - 0272104000055550 **IFC Code - IBKL0000272**
   Bhartendu Sood, Punjab & Sindh Bank - 02421000021195, **IFC Code - PSIB0000242**
3. आप मनीआर्डर या at par का Cheque द्वारा निम्न पते पर भेज सकते है। H. No. 231, Sector 45-A, Chandigarh 160047.
4. दो साल से अधिक का शुल्क या किसी भी तरह का दान व अनुदान न भेजें। शुल्क तभी दें अगर पत्रिका अच्छी लाभप्रद व रूचिकर लगे।

यदि आप बैंक में जमा नहीं करवा सकते तो कृपया at par का चैक भेज दे। या Google Pay No. 9465680686 या Paytm No. 9465680686

अध्यात्मिक चमक भी उतनी ही आवश्यक है जितनी कि भौतिक चमक

नीला सूद

अक्सर देखने में आया है कि जब हम किसी नोकरी के लिये अर्जी भेजते हैं तो उस में अपने बारे में सब कुछ अच्छे से अच्छा बताने की कोशिश करते हैं यही नहीं अपनी कमियों को या असफलताओं को जहां तक हो सके छुपाने की कोशिश करतें है। होता यह है कि जो भी हमारी अर्जी को पढ़ता है, अगर हमें जानता न हो तो काफी उंची राय बना लेता है और या तो हमें नोकरी दे देता है या फिर कम से कम साक्षात्कार इन्टरवयू का मौका तो दे ही देता है। और जब इन्टरवयू का मौका आता है तो अपने आप को बहुत चमका कर पेश करते हैं ताकी हमारे अच्छी बातें ही इन्टरवयू ;लेने वाले को नजर आयें।

यही सब कुछ बैंक से कर्जा लेते समय होता है। हम बैंक के आगे सब कुछ ऐसा पेश करते हैं कि बैंक को लगता है कि उनका पैसा कहीं जाने वाला नहीं। बहुत बेखूबी अपनी कमियों को छुपा लेतें है। और आज तो हाल यह है कि ऐसी ऐजेंसियां बनी हैं जिनको आपकी अर्जी को चमका कर पेश करने में मुहारित है और उस के वे पैसे भी लेते है।

अब बात ले लिजिये महत्वपूर्ण व्यक्तियों से मिलने की या फिर कहीं दोस्ती या रिश्ते का हाथ बढ़ाने की । कोशिश यही होती है कि अपने आप को चमका कर पेश करें ताकी हमारा प्रभाव अच्छा पढ़े।

इस लिये क्यों न हम अपने आप को अध्यात्मिक रूप में वैसे ही चमकायें जैसे कि संसारिक बातों के लिये चमकाते है। पर इस में एक बात जो समझनी होगी वह है कि संसारिक बातों के लिये स्वयं को चमकाते हुये जिस प्रकार कई बार हम झूठ का और दिखावे का सहारा लेते हैं वह अध्यात्मिक चमक के मामले में नहीं चल सकता कारण अश्यात्म का सम्बन्ध तो सीधा ईश्वर से है और ईश्वर तो सर्वज्ञ है, अर्थात सब के बारे में सब कुछ जानने वाला है। यह अध्यात्मिक चमक झूठ और आडम्बर के बिना होनी चाहीये जो कि तभी सम्भव है जब हम धर्म के गुणों को और ईश्वरीय गुणों को धारण करें न कि दिखावा मात्र हो।

पर इस से भी पहले कुछ व्यक्तियों के दिल में यह प्रश्न हो सकता है कि ईश्वर को साथ जुड़ने के लिये हमें अपने आप को अध्यात्मिक रूप से चमकानें की क्या आवश्यकता है? नोकरी वाला नोकरी देता है, बैंक वाला कर्जा देता है, बड़ा अफसर ओहदे में तरक्की दे सकता है, अच्छी तरह पेश होंगे तो नवयुवक को अच्छी लड़की जीवन साथी के रूप में मिल सकती है और ऐसे ही श्शादी योग्य लड़की को अच्छा लड़का मिल सकता है। ईश्वर से क्या मिलेगा ? तो इसका उत्तर यह है कि बाकी सब तो देंगें और वही देंगे जिसको देने के लिये ईश्वर ने उन्हें साधन बनाया है। पर ईश्वर ने तो पहले से ही बहुत कुछ दिया है। यह वायु, जल, अग्नि, सूर्य, फल–फूल व वनस्पति जिनके बिना जीवन सम्भव नहीं हैं, ईश्वर की कृपा का फल ही तो है। दूसरा जिस पर ईश्वर की कृपा है, सनिध्य है, उसका जीवन का रास्ता सदैव आसान रहता है, वह काटों में भी फूलों की सेज महसूस करता है। उसे कभी यह नहीं लगता कि वह अकेला है, उसे यह लगता है कि एक बहुत वड़ी शक्ति उसके साथ है जो कि उसे गलत रास्ते पर नहीं जाने देगी, जो कि अच्छा जीवन जीने के लिये बहुत वड़ा बरदान है। इसलिए जब ईश्वर से जुड़ गए तो हम जो दूसरी

चीजें चाहते हैं वे न केवल प्राप्त ही होगी परन्तु ईश्वर हमें वही देगा जिस में हमारा हित है। जब हम ईश्वर को सब कुछ मानने लगते है तो ईश्वर हमें अच्छे लोगों की संगत ही देता है।

क्या फर्क है अध्यात्मिक चमक में और भौतिक चमक में?

जब हम अपने आप को भौतिक रूप से चमकाने में लगे रहते हैं तो भौतिक पदार्थो को पाने की प्यास और बढ़ती है जो कि बेचैनी को और मानसिक तनाव को जन्म देती है। पहले व्यक्ति मकान पाना चाहता है , फिर शानदार बंगले की इच्छा करता है , फिर फार्म हाउस की और फिर चाहता है एक नहीं उसके कई शानदार फलैट बंगले हों। तृष्णा और लोभ उसके साथी बन जाते है। और जब उसकी ईच्छाऐ उस रफतार से पूरी नहीं होती जिनकी वह अपेक्षा करता है तो वेचैनी और तनाव पैदा होता है। यह ऐसी चमक है जो कुछ देर में कम होने लगती है।

इसके विपरीत जब व्यक्ति अपने में अध्यात्मिक चमक लाता है तो उस में सन्तोष, सहनशीलता व अपरिग्रह जैसे गुण आने लगते है। उसे लगता है कि जो भी मेंरे पास है वह बहुत है, जैसे मेरी आवश्यकता बढ़ेगी वह ईश्वर खुद साधन बना देगा। ईश्वर सम्पर्ण, उस ईश्वर में पूर्ण विश्वास, उसके जीवन का अंग बन जाते है। उस में यह सोच आ जाती है कि इस संसार की सब सम्पदा उस ईश्वर की है और यह मेरे लिये ही नहीं सब के लिये है। इसकी चमक या नशा कभी कम नहीं होता। दूसरा जो भी मेरे पास है वह मेरा नहीं ईश्वर का है जो कि ईश्वर ने मुझे प्रयोग के लिए व त्यागपूर्ण ढंग से भोगने के लिए दिया है। मेरे बाद यह उसी के पास चला जाएगा।

आखरी पहलू है कि हम यह अध्यात्मिक चमक कैसे लायें?

आखरी पहलू यह है कि हम अध्यात्मिक तौर पर अपने आप को कैसे चमकाये ताकी ईश्वर हमें पसन्द करें, अपने भक्तों की श्रेणी में रखे और हम पर कृपालु हो।

;1एक निराकार और अजन्मा ईश्वर को मानकर उस में पूर्ण विश्वास पहला कदम है। उसक बाद आती है ईश्वर की भक्ति, स्तुती और उपासना। ईश्वर भक्ति सिर्फ जाप नहीं बल्कि इश्वरिय गुणों को धारण करने की लगातार कोशिश करना है। यह ईश्वरीय गुण है——दूसरे प्राणियों पर दया और करूणा और सेवा की भावना, संवेदनशीलता अर्थात में दूसरों से वैसा ही व्यवहार करूं जैसा खुद से चाहता हूं। अगर मैं चाहता हूं कि कोइ भी वयक्ति मुझे मार कर अपना भोजन न बनाये तो मेरा भी कर्तव्य है कि मैं भी दूसरों को अपने भोजन के लिये न मारूं। उदारचित होना, सत्य के मार्ग पर ही चलना और दूसरों के साथ न्यायपूर्ण और धर्मानुसार व्यवहार।

;2द्ध सत्संग अध्यात्मिक चमक लाने का सब से सुगम उपाय है। सत्संग के तीन उपाय हैं, अच्छे विचार वाले लोगों के साथ रहना और गलत लोगों की संगती से बचना, महात्मा और विद्वान लोगों के उपदेश प्रवचन सुनना और यदि यह सम्भव नही तो महान व्यक्तियों के जीवन को पढना। उदाहरण के लिये भगवान श्री रामचन्द्र, जो कि गुणों की खान थे, का जीवन रोज पढते रहें या सुनते रहें तो उनके गुण हमें प्रभावित करने लगेंगे और कुछ समय बाद हम यह कोशिश करेंगे कि हम में भी श्री रामचन्द, के गुण आ जायें। जब घरेलु सम्सयायें घेर लेती हैं तो अगर हम रामायण पढ़ते है तो हमारा ध्यान इस और जायेगा कि श्री रामचन्द्र का आचरण ऐसे समय में कैसा रहा। पहले रामायण की कथा बहुत सादे ढ़ंग से मन्दिरों में होती रहती थी व व श्रधालु वहां आधा एक घंटा वैठ कर कथा सुन कर आते थे। पर आज मन्दिर जाने का अर्थ दो मिन्ट के लिये हाजरी लगाना व फटा फट ईश्वर से कुछ मांगना रह गया है। भक्ति तो भक्ति तभी है जब हम ईश्वरीय गुणों को उन महान व्यक्तियों के गुणों को धारण करें जिन्हें हम भगवान कहतें है। यही

तो अध्यात्मिक चमक है। यदि हम ईश्वरीय गुणों को उन महान व्यक्तियों के गुणों को धारण नहीं करते है और केवल पाठ करतें हैं तो वह सिर्फ वाचक भक्ति होगी जो कि अध्यात्मिक चमक नहीं ला सकती।

यह भी बहुत आवश्यक है कि हम सत्संग के साथ जो हमारे में कमियां हैं और बुराईयां हैं उनका भी अध्यन करें और उन बुराईयों को दूर करने पर त्वजों दें। इस के लिये तप औ।र अभ्यास की आवश्यकता है। यदि हम तप और अभ्यास करते हैं जो कोई ऐसी बात नहीं कि ईश्वर की हमारे पर कृपा न हो। हमारे सामने बहुत से महान व्यकितयों के नाम हें जैसे ऋषि बाल्मिकी और स्वामी श्रद्धानन्द जिन्हं सत्संग ने ही उनकी बुराईयों का अवलोकन करवाया और बाद में तप और अभ्यास से उन्होने उन बुराईयों पर काबू पा लिया।

3 कल्याण मार्ग का पथिक बनना

ईश्वर उन्हीं को प्यार करता है और आत्मा तभी उन्नत होती है जब हम दूसरों के कल्याण के लिये अपने सामर्थय के अनुसार कुछ करते हैं। कल्याण मार्ग का पथिक वने बिना अध्यात्मिक चमक नहीं आ सकती । कल्याण मार्ग के पथिक होने का अर्थ है जो समाज मे हम से कमजोर है उनकी सहायता करना जाकी वे भी मानविय अधिकारों से वंचित न रहें। शायद आपने यह कहानी पढ़ी या सुनी होगी।

एक भक्त थे, बड़े प्रेम से ईश्वर को याद करते थे। एक दिन एक देवदूत आया, उसके पास नामों की दो सूचीयां थी। एक सूची में उनके नाम थे जो कि भगवान को प्यार करते थे। दूसरी सूची उन लोगों की थी, जिन्हे भगवान प्यार करता है। भक्त ने देवदूत से पूछा कि क्या उस का नाम पहली सूची में है? देवदूत ने कहा कि आप का नाम सूची में सब से उपर है। प्रसन्न होकर उसने फिर पूछा क्या दूसरी सूची में भी उसका नाम सब से उपर है? वह यह जानकर वहुत हैरान हुआ जब देवदूत ने बताया कि दुसरी सूची में उसका नाम बहुत नीचे था और उसके अमुक पड़ोसी का सब से उपर था। भक्त ने आश्चर्य के साथ कहा ——" किन्तु वह तो भगवान का नाम लेता ही नहीं है। मैने उसे कभी संध्या, पूजा, भजन, कीर्तन करते हुए नहीं देखा। हां, वह दूसरों की सहायता करने, दूसरों के काम करने, बीमारों, गरीबों और दुखियों की सेवा करने में लगा रहता है।"

देवदूत ने कहा——" यही कारण है कि भगवान उसे सब से अधिक प्यार करते हैं। जो भगवान के बन्दों को चाहता है, भगवान भी उसे चाहते हैं।

ऐसे लोग भागवान से क्या प्रार्थना करते हैं,

,हे मेरे स्वामी, हे मेरे प्रभु, यदि आप मुझ से प्रसन्न हैं तो मेरी यह प्रार्थना है——" मुझे राज्य नहीं चाहिये। मुक्ति का आन्नद नहीं चाहिये! एक ही इच्छा है मेरी कि दुखों से तपते हुए लोगों के कष्ट दूर हो जायें।

गीता में श्री कृष्ण कहते हैं कि अगर आप अनजाने में किये जा रहे पापों से बचना चाहते हैं तो दूसरों के लिये त्याग करें और परोपकार की भावना लायें। अगर आप स्वयं ही अपना कमाया धन भोगने लग पड़ेंगें तो याद रखीये भोग आप को भोगना शुरू कर देंगे और आप पापों से बच नहीं सकेगें और उन पापों का फल भोगना पड़ेगा।

"हिरण्यमय पात्रेन सत्यस्य अपिहितं मुखम्"

ईशावास्योपनिषद कहता है, "हिरण्यमय पात्रेन सत्यस्य अपिहितं मुखम्"। अर्थात! सत्यब्रह्म का मुख हिरण्यमय पात्र से ढँका है। यदि इस पात्र की हिरण्यप्रभा को पूरा देखना है तो इसे मुक्त करना होगा, तमस तत्त्व के धूम्र से। वह धूम्र जो प्रकट होता है हमारे भीतर बसे काम–क्रोध–लोभ–मोह से, अज्ञान की जड़ता से, माया की चमक में रमे रहने से। इस धूम्र के कारण ही हमें परमात्मा पूरा नहीं दिखता और यदि धूम्र का घनत्व अति प्रबल है तो परमात्मा दिखता ही नहीं। हममें से अधिकतर लोग इसी श्रेणी में आते हैं। कोई बिरला ही इस धुएँ की पर्तों को उघाड़ पाता है

The message given by Holi- " Life is life with others "

Bhartendu Sood

The scenes of Holi celebrations across the country and even in neighboring countries seem to be giving one message, 'Life is life with others." It is life from and for and with one another. Human life is always lived in community. Man cannot live as an individual. He is a social organism. Even God loves him only who loves other beings and man's glory lies in being a member of a big family.

On the one hand, man is bound by blood kinship-his parents, his wife and children, on the other, he is linked with every individual of the society whether near or far. It is given to man to link himself with those who constitute his ancestry, and also think of those who could be his posterity. Man thus should live, work and die for the society by rising above his kinship" Viduraniti says, Sacrifice the interest of individual for the sake of the family, Sacrifice the interest of the family for the sake of the village Sacrifice the interest of the village for the sake of the country

Vedanta implores the man to rise above kinship in the large interest of the society in which he lives and consider entire universe as his family in the spirit of 'Vasudhav kutumbakam This Vedic philosophy transcends the man made boundaries of caste, origin, religion, race and geographical divisions.

This is beautifully demonstrated by this incident of Mahabharata epic. While in exile Kunti and five Pandvas had to take up different jobs for their sustenance by changing their outward appearance to conceal their identity. One day the lady of the house where Kunti was employed was weeping profusely. When enquired, the lady who was widow, shared her impending misfortune with Kunti something like this-"There lives a Monster in the nearby area who would cause heavy devastations to the inhabitants of the village and often would devour a few. When counseled that monster agreed not to indulge in wanton killings and instead now one person from the village goes to him once in a month with grains and other eatable for his one month requirement and that Monster devours that person too. In the coming month it is the turn of her family but since my only son happens to be the surviving male in my family, I would be rendered childless."

Kunti was moved. Full of gratitude to that lady she thought to herself, "I have five sons even if I lose one still I'd be left with four but this widow's become childless. I should help her out." Back home, she counseled with her sons. All of them looked too eager to be given that opportunity but Kunti selected Bhima because of his well known prowess in the one to one combat. Rest we all know. But, point is-

Kunti in the larger interest of the society did not mind losing her son.

One's duty towards the neighbor, the concept of universal brotherhood and fraternity of mankind coupled with a sense of compassion towards one's fellowmen, gets time and again echoed in the hymns of Vedas. The main prayer in Yajur Veda is for peace and happiness, not in a particular place or country but in the entire Universe that includes all planets. The Vedic hymn, 'Om dyo shanti antariksh, shanty prithvi, shanty rapa, shanty oshadhya, shanty vanaspati, shanty vishve deva, shanty braham, shani shanty' is conveying this lofty ideal.

Published by the Times of India on 28.03.2024

हमारे स्वयं के हित में होता है हमारा दूसरों को प्यार, सम्मान व महत्त्व देना

सीताराम गुप्ता

कई व्यक्तियों की आदत होती है कि उनको आते–जाते रास्ते में जो भी मिलता है वे उसका अभिवादन करना व उसकी कुषल–क्षेम पूछना नहीं भूलते। साथ ही घर–परिवार व बच्चों के बारे में भी वे उससे अत्यंत आत्मीयता से बातचीत करते हैं। परिचितों से ही नहीं अपरिचितों से भी उनका व्यवहार समान रहता है। मैंने कई ऐसे व्यक्ति भी देखे हैं जो अपनी जेब अथवा थैले में टॉफ़ियाँ रखते हैं और जब भी कोई मिलता है तो उसका अभिवादन करने के साथ–साथ प्यार से एक टॉफ़ी भी उसे थमा देते हैं। कई लोग इस प्रकार के व्यवहार को नाटकबाज़ी ही मानते हैं। क्या वास्तव में लोगों का अभिवादन करना अथवा उनकी कुषलता पूछना नाटकबाज़ी ही होता है? यदि हम मन से किसी का अभिवादन करते हैं तो इसे नाटकबाज़ी तो नहीं कहा जा सकता। वास्तव में ये षिश्टाचार का ही एक हिस्सा है और साथ ही समाज में एक दूसरे को महत्त्व, सम्मान व स्नेह देने और उनसे जुड़ने का तरीक़ा भी है।

कुछ समय पहले की बात है कि एक हिंदी फ़िल्म देख रहा था। फ़िल्म और मुख्य पात्र का नाम है मिली। मिली एक मॉल के फूड जंक्षन में काम करती है। एक दिन ग़लती से मिली रेस्टोरेंट के फ़्रीजर रूम में बंद हो जाती है। फ़्रीजर रूम की सरदी के कारण उसकी हालत बहुत ख़राब हो जाती है लेकिन वो उस भयंकर जमा देने वाली सरदी में भी बचने के प्रयासों में कोई कसर नहीं रख छोड़ती। वह कई घंटों तक असहनीय कश्ट सहती है लेकिन अंततः उसे बचा लिया जाता है। इस फिल्म की कहानी में एक किरदार है मॉल का सिक्युरिटी गार्ड। फिल्म में सिक्युरिटी गार्ड के प्रति मिली का आत्मीय व्यवहार और उसके फ़्रीजर रूम में बंद होने की घटना को देखकर मुझे बहुत पहले पढ़ी हुई एक कहानी याद आ गई। एक व्यक्ति एक फ़्रीजर प्लांट में इंजीनियर था। वह वहाँ कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों से हमेषा अत्यंत विनम्रता से पेष आता था और आते–जाते समय सबका अभिवादन करता था।

इंजीनियर के आत्मीय व्यवहार के कारण सभी लोग उनका बहुत सम्मान करते थे। एक दिन छुट्टी के समय जब

सब कर्मचारी जाने की तैयारी कर रहे थे तो अचानक प्लांट में कोई तकनीकी ख़राबी आ गई। इंजीनियर महोदय प्लांट में आई ख़राबी को सुधारने में लग गए। जब तक उनका कार्य पूरा हुआ काफी देर हो चुकी थी। वो प्लांट के एक ऐसे कोने में कार्य कर रहे थे जहाँ किसी का भी ध्यान उनकी तरफ नहीं गया। छुट्टी के समय सभी कर्मचारी प्लांट के दरवाजे बंद करके अपने–अपने घर चले गए। इंजीनियर महोदय ने काफी ज़ोर–ज़ोर से आवाज़ें लगाईं पर अंदर की आवाज़ें बाहर तक नहीं जा रही थीं। फ्रीजर प्लांट में ठंड बढ़ती ही जा रही थी। बचने का कोई उपाय नहीं दिखलाई पड़ रहा था। इंजीनियर महोदय ठंड के मारे अपनी चेतना खोते जा रहे थे। फ्रीजर प्लांट उनकी कब्रगाह बनता दिखलाई पड़ रहा था।

तभी एक चमत्कार घटित हुआ। वास्तव में हमारे जीवन में जो चमत्कार घटित होते हैं उन चमत्कारों की भूमिका प्रायः हम स्वयं ही लिखते हैं। अचानक फ्रीजर प्लांट का दरवाज़ा खुला और एक सिक्युरिटी गार्ड अंदर आया। उसने सारी लाइटें जला दीं और इंजीनियर महोदय को पुकारने लगा। सिक्युरिटी गार्ड उन्हें खोजकर बाहर निकल लाया। इंजीनियर महोदय ने उनकी जान बचाने के लिए सिक्युरिटी गार्ड के प्रति आभार व्यक्त किया और उससे पूछा, "आपको कैसे पता चला कि मैं अंदर रह गया हूँ?" सिक्युरिटी गार्ड ने जवाब दिया, "सर इस प्लांट में कई दर्जन लोग काम करते हैं लेकिन आप अकेले ऐसे व्यक्ति हैं जो हर रोज़ आते हुए मेरा हालचाल पूछते हैं और जाते हुए बाय कह कर जाते हैं। मुझे याद आया कि आपने सुबह तो मेरा हालचाल पूछा था लेकिन षाम को आपसे मुलाकात ही नहीं हुई। मुझे कुछ अनहोनी की आषंका हुई और मैं आपको ढूँढ़ता हुआ अंदर चला आया।"

हमारी अच्छी आदतें विषेश रूप से हमारा किसी को प्यार व सम्मान अथवा महत्त्व देना विशम परिस्थितियों में हमारे जीवन तक को बचा सकता है इसमें संदेह नहीं। ये सब बातें नई नहीं हैं। हम सब इन बातों को जानते हैं लेकिन अहंकारवष अथवा अन्य कारणों से उन्हें अपने व्यवहार में नहीं लाते। कई बार जब अन्य लोग सबके साथ इस प्रकार का व्यवहार करते हैं तो हम उसे नाटक समझने की ग़लती कर बैठते हैं। यहाँ भी हम बहुत बड़ी भूल करते हैं। यदि अच्छी बातों को नाटक के रूप में किया जाता है तो वही अच्छी बातें एक दिन हमारे आचरण में सम्मिलित हो जाती हैं। इसलिए हमें स्वयं भी ऐसा नाटक करने से परहेज़ नहीं करना चाहिए। वैसे भी किसी को नमस्कार करने, किसी की कुषलता के विशय में पूछने अथवा मुस्कराकर बात करने में किसी का कुछ नुकसान नहीं होता लेकिन आंतरिक प्रसन्नता अवष्य मिलती है।

दूसरे हम जिन्हें कमतर अथवा बहुत सामान्य समझने की भूल करते हैं वे किसी भी तरह कम महत्त्वपूर्ण नहीं होते। जब हमारी गाड़ी रुककर खड़ी हो जाती है और उसे धक्का देने की ज़रूरत होती है तब ये सामान्य व्यक्ति ही हमारी गाड़ी को धक्का देकर उसे दोबारा चालू करने अथवा आगे बढ़ाने में सहायक होते हैं। हमें चाहिए कि हम कभी किसी की उपेक्षा न करें अपितु रोज़ मिलने–जुलने वालों से बातचीत करें। अपने आसपास के ऐसे व्यक्तियों से न केवल आत्मीयतापूर्वक पेष आएँ अपितु उनको यथेश्ट सम्मान व महत्त्व भी दें। उनके कार्य की प्रषंसा करें। उम्र में बड़े लोगों को विषेश रूप से सम्मान दें। जब कोई हमारे साथ अच्छी तरह से पेष आता है, हमें मान देता है तो हम उसके लिए कुछ भी करने को तत्पर रहते हैं। जब हम किसी के साथ अच्छी तरह से पेष आएँगे, किसी को महत्त्व देंगे तो वो भी हमारी उपेक्षा नहीं करेगा।

हमारे पास धन–दौलत अथवा अन्य किसी भी प्रकार की समृद्धि आती है तो हम उसे सहेज कर रख लेते हैं। धन की प्रायः तीन गतियाँ कही गई हैं – सदुपयोग, दुरुपयोग अथवा विनाष। यदि हम अर्जित धन–दौलत अथवा समृद्धि का सदुपयोग नहीं करेंगे तो उसका दुरुपयोग अथवा विनाष अवष्यंभावी है। समझदार व्यक्ति अपने धन–दौलत का न केवल सदुपयोग करते हैं अपितु अतिरिक्त धन–दौलत को किसी उपयोगी व्यवसाय में लगा देते हैं

अथवा बैंक में डाल देते हैं। पैसा भी सुरक्षित हो जाता है और अतिरिक्त आय भी नियमित रूप से होती रहती है। अच्छी आदतों अथवा सद्गुणों के संबंध में भी यही बात कही जा सकती है। सद्गुणों का उपयोग नहीं करेंगे तो उनका भी विनाष हो जाएगा और उनसे होने वाले लाभों से हम वंचित रह जाएँगे। ये एक ऐसा निवेष है जिसे हर व्यक्ति न केवल सुगमतापूर्वक कर सकता है अपितु जितनी अधिक मात्रा में चाहे कर सकता है। हमारी अच्छी आदतों, सद्गुणों व हमारे आत्मीय व्यवहार के कारण ही लोग हमारा ध्यान रखने को विवष हो जाते हैं।

जैसा कि ऊपर के उदाहरण से स्पश्ट है कई बार तो कुछ अच्छी आदतें हमें मृत्यु के मुख तक में से खींच लाती हैं। लेकिन ये तभी संभव है जब हमारी बातों व व्यवहार में सचमुच आत्मीयता हो। कई व्यक्ति किसी से मिलने पर घंटों बातें करते रहेंगे लेकिन एक भी बात ऐसी नहीं करेंगे जिसमें सामने वाले की रुचि हो अथवा जिससे उसे अपनापन लगे। हम सब अपने मिलने–जुलने वाले लोगों से आत्मीयता, प्यार व सम्मान ही तो चाहते हैं और जो ऐसा करता है हम उसके लिए कुछ भी करने को तत्पर रहते हैं। हमें भी अपनी बातचीत में न केवल दूसरों की रुचि का ध्यान रखना चाहिए अपितु हमारी बातचीत व व्यवहार ऐसा होना चाहिए जिससे दूसरे व्यक्ति स्वयं को महत्त्वपूर्ण व सम्मानित अनुभव करें। लोगों के प्रति हमारा आत्मीय व्यवहार कभी निश्फल नहीं जाता। अपने अच्छे व्यवहार व आत्मीयता से हम किसी को भी हमेषा के लिए अपना दोस्त व मददगार बना लेते हैं। इसे जीवन की बहुत बड़ी उपलब्धि कहा जा सकता है।

ए.डी. 106 सी., पीतमपुरा,
दिल्ली – 110034
मोबा0 नं0 9555622323

महर्षि दयानंद के अछूत प्रथा के बारे में विचार

महर्षि दयानंद मनुष्य समानता के बहुत प्रवल समर्थक थे। इस बारे में वह सत्यार्थप्रकाश में लिखते है।

शूद्र ईश्वर की वैसे ही सर्वश्रेष्ठ कृति हैं जैसे कि दूसरे वर्गो के लोग। उनसे घृणा करना, अस्पृश्य समझना बहुत ही घृणित सोच है।हम कुतों को पालते हैं, बिल्लियों से खेलते हैं, भैंसों का दूध पीते है, उंटों की सवारी करते हैं और अपने जैसे मनुष्यों को ही अछूत समझें, इस से बड़ा पाप और अन्याय नहीं हो सकता। आगे वह शुद्रों के वेद पढ़ने के अधिकार के बारे में लिखते हैं—— जैसे परमात्मा ने पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, चन्द्र, सूर्य और बनस्पति सब के लिये बनाये हैं वैसे ही वेद भी सब के लिये है।"

Vedas are the revelation of God

Bhartendu Sood

Pointing out to the lofty and sublime character of Vedic teachings in his book Veda Bhashya, Maharishi Dayanand Saraswati says that Vedas are not scripted by men but are the words of God. After the creation of this universe God revealed the four Vedas Rig, Yajur, Sama and Atharva to four Rishis (sages) Agni, Vayu, Aditya and Angiras respectively.

That four Vedas are the creation of God is supported by the hymn in Rig Veda. In this hymn God says "I, O men lived before the whole universe came into existence. I am the Lord of all. I am the source and giver of all wealth. Let all human beings look up to me alone as children do to their parents. I am the revealer of Vedas which declare my true nature. It is through the Vedas I advance the knowledge of everything for your happiness."

Vedas are called Shrutis; that which is heard implying again that the rishis did not create Vedas out of their minds. The Rishis to whom Vedas were revealed were pious, highly realised and enlightened who had direct intuitive perception of God. To say that what is contained in Vedas were the spiritual discoveries of their divine thoughts will not be wrong. The four Vedas are repositories of knowledge having germs of all sciences in eleven hundred and eighty recensions contained in these and are absolutely free of error. Nature and properties of matter and the soul are propounded in just accordance with what they really are. Only Divine creation could meet such lofty character. Vedas are eternal and do not owe their authority to any one.

To a query why God gave Vedas, Dayanand's reply was " When the merciful God had created air, water, roots, fruits, rivers, mountains, minerals etc. for the enjoyment and happiness of his subjects, how could He have left out revealing the knowledge to use these unto them to realize *dharma, artha, kama and moksha,* the ultimate goal of human life. And Vedas are all about this knowledge

As the parents are kind to their children and wish for their welfare, so is supreme power. Out of kindness to all men He revealed Vedas by whose study men are freed from ignorance and error.

ध्यान की महिमा



भगवान राम ने अपने गुरूवर वसिष्ठ से पूछा------"गुरूवर ! शरीर को ठीक रखने के लिये तो प्रतिदिन हम अच्छे से अच्छा पोष्टक भोजन देते हैं, आत्मा को क्या खिलाये?

गुरूवर वसिष्ठ बोले------" हे राम आत्मा का भोजन ईश्वर का ध्यान है। जब तक मनुष्य ध्यान नहीं करता आत्मा तृप्त नहीं होती।"

महषि दयानन्द सरस्वती भी बहुत सुवह पहले ध्यान ही करते थे जिसे ब्रहम यज्ञ का नाम दिया है।

संक्षिप्त सत्यार्थप्रकाश ,
महर्षि दयानन्द द्वारा रचित सत्यार्थप्रकाश से चयनित अंश
कृष्ण चन्द्र गर्ग द्वारा लिखित पुस्तक से

बाल शिक्षा विषय दूसरा समुल्लास

मातृमान् पितृमानाचार्यवान् पुरुषो वेद यह शतपथ ब्राह्मण का वचन है। वस्तुतः जब तीन उत्तम शिक्षक अर्थात एक माता, दूसरा पिता और तीसरा आचार्य होवे तभी मनुष्य ज्ञानवान होता है। वह कुल धन्य! वह सन्तान बड़ा भाग्यवान! जिसके माता और पिता धार्मिक विद्वान हों। जितना माता से सन्तानों को उपदेश और उपकार पहुंचता है उतना किसी से नहीं। जैसे माता सन्तानों पर प्रेम, उनका हित करना चाहती है उतना अन्य कोई नहीं करता।

इसलिए (मातृमान्) अर्थात 'प्रशस्ता धार्मिकी विदुषी माता विद्यते यस्य स मातृमान्। धन्य वह माता है कि जो गर्भाधान से लेकर जब तक पूरी विद्या न हो तब तक सुशीलता का उपदेश करे। माता और पिता को अति उचित है कि गर्भाधान के पूर्व, मध्य और पश्चात् मादक द्रव्य, मद्य, दुर्गन्ध, रूक्ष, बुद्धिनाश्क पदार्थों को छोड़ दें।

ऐसे पर्दाथों का सेवन करे जो शान्ति, आरोग्य, बल, बुद्धि, पराक्रम और सुशीलता से सभ्यता को प्राप्त करवाऐ जैसे धृत, दुग्ध, मिष्ट, अन्नपान आदि श्रेष्ठ पदार्थों का सेवन करें कि जिससे रजस् वीर्य्य भी दोषों से रहित होकर अत्युत्तम गुणयुक्त हो। जब दोनों के शरीर में आरोग्य, परस्पर प्रसन्नता, किसी प्रकार का शोक न हो। जैसा चरक और सुश्रुत में भोजन छादन का विधान और मनुस्मृति में स्त्री पुरुष की प्रसन्नता की रीति लिखी है उसी प्रकार करें और वर्तें। गर्भाधन के पश्चात् स्त्री को बहुत सावधानी से भोजन छादन करना चाहिए। बुद्धि, बल, रूप, आरोग्य, पराक्रम, शान्ति और गुणकारक द्रव्यों ही का सेवन स्त्री करती रहै कि जब तक सन्तान का जन्म न हो। जब जन्म हो तब अच्छे सुगन्धियुक्त जल से बालक को स्नान, नाड़ीछेदन करके सुगंधियुक्त घृतादि का होम और स्त्री के भी स्नान भोजन का यथायोग्य प्रबन्ध करें कि जिससे बालक और स्त्री का शरीर क्रमशः आरोग्य और पुष्ट होता जाय। ऐसा पदार्थ उसकी माता खावे कि जिससे दूध में भी उत्तम गुण प्राप्त हों।

गाय या बकरी के दूध में उत्तम औषधि जोकि बुद्धि, पराक्रम, आरोग्य करने हारी हों उनको शुद्ध जल में भिजा, औटा,

छान के दूध के समान जल मिला के बालक को पिलावें। जन्म के पश्चात् बालक और उसकी माता को दूसरे स्थान जहाँ का वायु शुद्ध हो वहां रखें सुगंध तथा 8 दर्शनीय पदार्थ भी रखें और उस देश में भ्रमण कराना उचित है कि जहां की वायु शुद्ध हो । बालकों को माता सदा उत्तम शिक्षा करे, जिससे सन्तान सभ्य हों और किसी अंग से कुचेष्ठा न करने पावें। जब वह कुछ–कुछ बोलने और समझने लगे तब सुन्दर वाणी और बड़े–छोटे, मान्य, पिता, माता, राजा, विद्वान, आदि से भाषण, उनसे वर्तमान और उनके पास बैठने आदि की भी शिक्षा करें जिससे कहीं उनका अयोग्य व्यवहार न हो के सर्वत्र प्रतिष्ठा हुआ करें। जैसे सन्तान जितेन्द्रिय, विद्याप्रिय और सत्संग में रुचि करें वैसा प्रयत्न करते रहैं। व्यर्थ क्रीड़ा, रोदन, हास्य, लड़ाई, हर्ष, शोक, किसी पदार्थ में लोलुपता, ईर्ष्या, द्वेषादि न करें। उपस्थेन्द्रिय के स्पर्श और मर्दन से वीर्य की क्षीणता, नपुंसकता होती और हस्त में दुर्गन्ध भी होता है इससे उसका स्पर्श न करें। सदा सत्यभाषण शौर्य, धैर्य, प्रसन्नवदन आदि गुणों की प्राप्ति जिस प्रकार हो, करावें।

जब पांच–पांच वर्ष के लड़का लड़की हों तब देवनागरी अक्षरों का अभ्यास करावें। अन्य–देशीय भाषाओं के अक्षरों का भी। उसके पश्चात् जिनसे अच्छी शिक्षा, विद्या, धर्म, परमेश्वर, माता, पिता, आचार्य, विद्वान, अतिथि, राजा, प्रजा, कुटुम्ब, बन्धु, भगिनी, भृत्य आदि से कैसे–कैसे वर्त्तना इन बातों के मन्त्र, श्लोक, सूत्र, गद्य, पद्य भी अर्थ सहित कण्ठस्थ करावें। जिनसे सन्तान किसी धूर्त के बहकाने में न आवे और जो–जो विद्याधर्मविरुद्ध भ्रान्तिजाल में गिराने वाले व्यवहार हैं उनका भी उपदेश कर दें, जिससे भूत प्रेत आदि मिथ्या बातों का विश्वास न हो।

जब गुरु का प्राणान्त हो तब मृतक शरीर का नाम प्रेत है। और जब उस शरीर का दाह हो चुका तब उसका नाम भूत होता है अर्थात वह अमुकनामा पुरुष था। जितने उत्पन्न हों, वर्तमान में आ के न रहें वे भूतस्थ होने से उनका नाम भूत है। ऐसा ब्रह्मा से लेके आज पर्यन्त के विद्वानों का सिद्धान्त है परन्तु जिसको शंका, कुसंग, कुसंस्कार होता है उसको भय और शंकारूप भूत, प्रेत, शाकिनी, डाकिनी आदि अनेक भ्रमजाल दुःखदायक होते हैं।

